भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं0 1097
दिनांक 28 **जुलाई**, 2021

देश में सीएनजी फिलिंग स्टेशन

1097. **श्री नीरज डांगी**:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में विशेष रूप से राजस्थान में और अधिक सीएनजी फिलिंग स्टेशन खोलने का प्रस्ताव किया है;
(ख) यदि हां, तो ऐसे स्टेशनों की शहर-वार संख्या सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सीएनजी वाहनों की तुलना में सीएनजी फिलिंग स्टेशनों की संख्या बहुत ही कम है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और
(घ) क्या सरकार का आगामी पांच वर्षों के दौरान सीएनजी फिलिंग स्टेशनों में वृद्धि करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(**श्री रामेश्वर तेली**)

(क) से (घ): पीएनजीआरबी अधिनियम, 2006 के अनुसार पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) भौगोलिक क्षेत्रों (जीएज) में नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास के लिए कंम्पनियों को प्राधिकार प्रदान करने वाला प्राधिकरण है। पीएनजीआरबी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन संबद्धता के विकास, प्राकृतिक गैस उपलब्धता और तकनीकी-वाणिज्यिक व्यवहार्यता के साथ सीजीडी नेटवर्क विकिसत करने हेतु प्राधिकार प्रदान करने के लिए भौगोलिक क्षेत्रों की पहचान करता है। प्राधिकृत कंम्पनियां न्यूनतम कार्य कार्यक्रम के अनुसार, अधिकृत जीएज में सीएनजी स्टेशनों की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके अलावा, स्वच्छ ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए देश भर में सीएनजी नेटवर्क का विकास एक सतत प्रक्रिया है। अब तक पीएनजीआरबी ने राजस्थान में सीजीडी नेटवर्क के विकास हेतु 10 जीएज को प्राधिकृत किया है। राजस्थान में जीए-वार सीएनजी स्टेशनों की सूची **अनुलग्नक** में दी गई है।

****

अनुलग्नक

देश में सीएनजी फीलिंग स्टेशनों के संबंध में दिनांक 28.07.2021 **को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या** 1097 **के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

राजस्थान में सीएनजी स्टेशनों की जीए-वार सूची

क्रम सं.	**भौगोलिक क्षेत्र/सीजीडी नेटवर्क**	**सीएनजी स्टेशन**
1	कोटा	7
2	बाड़मेर, जैसलमेर व जोधपुर जिले	6
3	कोटा जिला (ईएएए), बारान व चितौड़गढ़ (केवल रावतभाता ताल्लुका) जिले	11
4	भीलवाड़ा व बूंदी जिले	6
5	चितौड़गढ (रावतभाता ताल्लुका के अलावा) व उदयपुर जिले	15
6	धोलपुर जिला	5
7	भिवाड़ी (अलवर जिले में)	1
8	अजमेर, पाली व राजसमंद जिले	8
9	जालौर व सिरोही जिले	12
योग		71

****